स्टेज पर दिखा नौनिहालों का जबर्दस्त कॉन्फिडेंस

तीन दिन तक चले फेस्ट में नींव और आधार स्टूडेंट्स ने डांस, सिंगिंग और स्पोर्ट्स के प्रोग्राम प्रस्तुत किए।

• द संस्कार वैली स्कूल में आयोजित फेस्ट के दूसरे दिन गणपति वंदना को बच्चों ने कुछ इस तरह रोचक अंदाज में प्रस्तुत किया था।

EVENT @ TSVS

सिटी रिपोर्टर • द संस्कार वैली स्कूल में प्री प्राइमरी स्टूडेंट्स के लिए आयोजित तीन दिवसीय एनुअल कल्चरल फेस्ट में बच्चों ने बड़े ही आत्मविश्वास के साथ स्टेज परफॉर्मेंस दीं। उन्हें देखकर कहना मुश्किल था कि ये उनकी पहली स्टेज परफॉर्मेंस है। उनकी परफॉर्मेंस देखने के लिए पेरेंट्स और ग्रैंड पेरेंट्स बतौर दर्शक मौजूद थे। सभी के लिए ये बेहद उत्साह के पल थे। कार्यक्रम में बच्चों ने डांस ड्रामा, सॉन्ग और नाटक आदि की प्रस्तुति दी। फिजिकल फिटनेस के लिए सूर्य नमस्कार और अन्य एक्टिविटीज पेश कीं।

नर्सरी, केजी-1, केजी-2 और क्लास वन के 540 स्टूडेंट्स ने तीन दिन 180-180 स्टूडेंट्स ने अलग-अलग ग्रुप में सिंगिंग, डांसिंग, एक्टिंग सहित कई प्रस्तुतियां दीं। पहले दिन 'हकूना मटाटा', दूसरे दिन 'एक्सहिलेरिया' और अंतिम दिन 'सेवेनटैस्टिका' नामक प्रोग्राम हुए। फेस्टिवल के दौरान स्टेज बच्चों ने ही संभाला। इस दौरान स्कूल के सीनियर मैनेजमेंट मेंबर, आरंभ सेक्शन की हेड नीतू सिंह, स्कूल की डायरेक्टर ज्योति अग्रवाल और प्रिंसिपल अमलान के साहा मौजूद रहे।

प्ले से दिए पेरेंटिंग टिप्स

किड्स ने प्ले के जरिए पेरेंटिंग टिप्स भी दिए। 'पेरेंटिंग पर्सपेक्टिव' में सात तरह के पेरेंट्स बताए। वहीं एंजिला और नानी की कहानी में आकर्षक कॉस्ट्यूम के साथ परियों की जादुई दुनिया दिखाई। क्रिएटिव लाइटिंग, साउंड और कॉस्ट्यूम से प्ले ने काफी प्रभाव छोड़ा। गणेश और सरस्वती वंदना की प्रस्तुति में उन्होंने नृत्य पेश किया।

रोमांचक रहा स्पोर्ट्स फन

स्पोर्ट्स फन में बच्चों ने गजब की फुर्ती और परफेक्शन से फिजिकल एक्टिविटीज की सिलसिलेवार प्रस्तुति दी। सूर्य नमस्कार से शुरू हुआ सिलसिला जिमनास्टिक के अनोखे करतब से होता हुआ कराते तक पहुंचा। सफेद कॉस्ट्यूम में सजे लगभग 50 बच्चों ने कराते के डिफरेंट स्टेप्स प्रेजेंट किए। आखिरी में बास्केट बॉल को म्यूजिक बीट्स पर शानदार तरीके से प्ले किया।

(प्रोग्राम की फोटोज के लिए देखें पेज 24)